महत्वपूर्ण एवं खास

दो मोटरसाइकिलो के आपस में भिड़ंत पीड़ितों को डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

न्याय साक्षी/रायगढ़। कापू राइनो को रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर अलोला पुल के पास रवाना किया गया जहां दो मोटरसाइकिल के आपस में भिड़ंत होने से तीन लोगों को गंभीर चोटें आई थी। कापू राइनो के आरक्षक अर्जुन कुजूर द्वारा मोटरसाइकिल चालक श्याम यादव पिता रामसिंह यादव उम्र 26 साल निवासी इनकोला जो बेहोश था तथा दूसरे मोटरसाइकिल पर सवार विनायस लकड़ा पिता इलियास लकड़ा उम्र 21 साल निवासी जशपुर, बंटी पैंकरा पिता ठंडा राम उम्र 30 साल निवासी घरघोड़ा जिन्हें भी गंभीर चोटे आई थी। तीनों आहतों को राइनो स्टाफ द्वारा सीएचसी पत्थलगांव में भर्ती कराया गया है।

छाल पुलिस द्वारा जुआ की कार्यवाही

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना छाल की पेट्रोलिंग स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर खेदापाली जंगल जाने के आम रास्ता के पास 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे व्यक्तियों पर घेराबंदी कर रेड किया गया, इस दौरान कुछ जुआडियान पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर पुलिस ने (1) अमन भास्कर पिता प्यारे लाल उम्र 27 साल साकिन चंद्रशेखरपुर ऐडु (2) ओम प्रकाश आदिले पिता यादराम उम्र 27 साल साकिन खेदापाली (3) रजीत महतो पिता भुनेश्व्र महतो उम्र 23 साल साकिन चंद्रशेखरपुर ऐडु को जुआ खेलते पकडा जिनके फड से एवं पास से जुमला रकम 1180/-, एक प्लास्टिक बोरी, 52 पत्ती तास जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना छाल में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

महिला-पुरूष सहित 05 व्यक्तियों पर जुटमिल पुलिस की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

क्षेत्र में अवैध गांजा ब्रिकी करने की सूचना पर की गई थी छापेमारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार दिनांक 20.09.19 को कंट्रोल रूम में ली गई क्राईम मीटिंग में थाना/चौकी प्रभारियों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने लघु अधिनियम, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं गुण्डा/बदमाशों पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं, जिनके परिपालन में आज चौकी प्रभारी निरीक्षक अंजना केरकेट्टा द्वारा जुटमिल क्षेत्र छातामुड़ा, राजीवनगर, बजरंगपारा, जेलपारा में अवैध गांजा पुडिया बिक्री होने की सूचना पर स्टाफ के साथ दबिश दी। मौके पर पुलिस को जप्ती योग्य मादक पदार्थ नहीं मिला। आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि संदेहीगण पूर्व में अवैधानिक कार्यों में संलग्न रहे हैं, जिस पर टी.आई. अंजना केरकेट्टा द्वारा संदेहियों को सख्त हिदायत देते हुए शांति भंग की अंदेशा पर 03 पुरूप व 02 महिलाओं के विरूद्ध धारा 151 सीआरपीसी की कार्यवाही किया गया है।

इन पर हुई कार्यवाही

1- तुला राम साहू आ. रेशम लाल साहू उम्र 52 सा0 छातामुड़ा नाका, 2- मुरली मनोहर देवांगन आ. दीनदयाल देवांगन उम्र 45 सा दरी तालाब राजीव ग़ांधीनगर, 3- जोगेन्दर केवट आ. देव चंद केवट उम्र 59 सा0 एफसीआई गोदाम छातामुड़ा नाका, 4- श्रीमती ननकी चौहान पति स्व ललित चौहान उम्र 55 बजरंग पारा वार्ड नं. 42, 5- श्रीमती कमली कुरे पति हरि कुरे उम्र 32 जेलपारा।

अनियंत्रित मोटरसाइकिल से गिरे पति पत्नी व बच्ची को डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल



न्याय साक्षी/ रायगढ़। बरमकेला राइनो को साल्हेमाना मार्ग पर मोटरसाइकिल से गिरकर 03 लोगों के घायल होने के इवेंट पर मौके के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर मोटरसाइकिल का चालक अनिल चंद्रा पिता श्यामलाल चंद्रा उम्र 32 साल, उसकी पत्नी गायत्री चंद्रा 25 साल और पुत्री हनी चंद्रा 03 साल तीनों निवासी ठुहापाली बरगढ़ (ओड़िसा) जो मोटर सायकल के अनियंत्रित होने से गिरें थे जिन्हें बरमकेला राइनो द्वारा ईलाज के लिए सीएचसी चंद्रपुर में भर्ती कराया गया।

शासकीय उचित मूल्य की दुकान से खाद्यान चोरी

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना खरसिया अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़े डूमरपाली के सचिव रोहित कुमार पटेल द्वारा आज दिनांक 21.09.19 को थाना खरसिया में ग्राम बड़े डूमरपाली स्थित शासकीय उचित मूल्य की दूकान से दिनांक 14 एवं 15.09.19 के दरम्यान अज्ञात चोर द्वारा पंचायत भवन राशन दुकान का दरवाजा हुक ताला तोड़कर अंदर रखे 26 क्विंटल चावल कीमती 2600/- रूपये, शक्कर 02 क्विंटल कीमती 3400/- रूपये, चना 150 किलो ग्राम कीमती 750/- रूपये जुमला रकम 6750/- रूपये को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 392/19 धारा 457, 380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा ने नीलांचल में बच्चों के साथ समय बिताया

न्याय साक्षी/रायगढ़। सेवा के प्रति समर्पित लायनेस क्लब दिव्य ऊर्जा ने डिस्ट्रिक्ट केबिनेट सचिव लायनेस अनीता कपूर के मार्ग दर्शन पर बच्चो के साथ मिलकर खुशियां बांटी तथा बच्चो के मानसिक विकास एवं मनोबल बढ़ाने हेतु कार्यक्रम करवाने का निश्चय किया।

चेयरपर्सन लायनेस सुमिता पांडे द्वारा नीलांचल में 60 बच्चों तथा स्टाफ को सेव, केला, मिक्चर, बिस्कुट का वितरण किया. वहां के बच्चे और स्टाफ से मिलकर बहुत खुशी हुई. पूरे स्टाफ द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई.

कार्यक्रम की सफलता के लिए अध्यक्ष - ला. मीरा पासवान, ला. साधना गुप्ता, ला. अरूणा साहु, ला. मंजुला त्रिपाठी सहसचिव, ला. सुनीता अग्रवाल व अन्य तथा स्टाफ सब उपस्थित थे. कार्यक्रम बहुत ही गरिमामय रहा.

ट्रेलर वाहन चालक से लूटपाट करने वाले दो युवक पुलिस हिरासत में

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना कोतरारोड़ अन्तर्गत बैसपाली एवं नंदेली के बीच मुख्य मार्ग पर ट्रेलर वाहन के चालक से रूपये लूटपाट करने वाले 02 अरोपियों को कोतरारोड़ पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम टिटही पो0 मुरमाकाला थाना उटारी जिला पलामू झारखण्ड का रहने वाला मोहम्मद मंजूर आलम खरसिया के करन अग्रवाल का वाहन ट्रेलर क्र0 सीजी 13 एई 9877 को चलाता है। दिनांक 20/09/2019 के सुबह 10/00 बजे मोहम्मद मंजूर आलम जामपाली घरघोडा से कोयला लोड कर डी0बी0 पावर बांडादरहा खाली करने के लिए गया था और रात्रि करीबन 09/00 बजे कोयला को खाली कर वापस रायगढ अपने ट्रेलर को लेकर आ रहा था कि ग्राम बैसपाली एवं नंदेली के बीच मेन रोड पर लगभग 09/45 बजे एक मोटर सायकल मे दो व्यक्ति ट्रेलर के सामने अपने मोटर सायकल को अडाकर रोकवा दिये और ड्रायवर को केबिन से नीचे उतारकर पैस एवं मोबाईल मांगते हुए ड्रायवर मोहम्मद मंजूर आलम के पर्स में रखे नगदी रकम 2,000/- रू0, आधार कार्ड एवं लायसेंस को लूटकर भाग गये। ड्रायवर ने भागते हुये आरोपियों के मोटर सायकल का नम्बर देख लिया और अपने मालिक को घटना की जानकारी देकर थाना कोतरारोड़ आज रिपोर्ट करने पहुंचा, रिपोर्ट पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा ड्रायवर के बताये अनुसार मोटर सायकल सीजी 13 एई 9343 के चालक के विरूद्ध अप.क्र. 278/19 धारा 392 भादंवि दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई, मुखबिर सूचना पर दो संदेहियों को थाना लाकर पूछताछ किया गया जिन्होंने बीते रात ट्रेलर चालक मोहम्मद मंजूर आलम से लूटपाट करना स्वीकार किया। दोनों आरोपी 1- करन महंत पिता कुमार दास महंत उम्र 24 साल निवासी बांसाझार थाना छाल 2- नारायण सारथी पिता संतुराम सारथी उम्र 24 वर्ष बैसपाली थाना कोतरारोड़ पुलिस हिरासत में हैं, आरोपियों से जप्ती, गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही है।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी
एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98% Shraddha 93% Priyanka 96% Prerna 84% Hitendra 99% Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97%
Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97% Kusum 98% Abhishek 99% Aayush 93% Prachi 97% Tulika 96% Pari 96% Aradhya 97% Ananya 99% Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480